प्रकाशनार्थ।

09 अक्टूबर,2022 गोरखपुर।

गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के उच्चीकृत ब्लड बैंक के सहयोग से आज महानगर की तीन संस्थाओं दी पंजाबी समाज गोरखपुर,सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा गोरखपुर तथा गुरु नानक देव निशुल्क सेवा सोसाइटी के सहयोग से ऑल इण्डिया पयामे इन्सानियत फोरम, गोरखपुर द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान कराया ।

आज के रक्तदान शिविर में तीनों संस्थाओं को ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने हृदय से धन्यवाद दिया है और कहा की आज स्वर्णिम तथा रक्तिम दिवस है गोरखनाथ ब्लड बैंक एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है । आज ही तीन रक्तदान शिविरों का आयोजन हो रहा है सभी शिविर में रक्तदाता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। एक संस्था है पंजाबी समाज दूसरी संस्था है सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा तथा तीसरा है ऑल इंडिया पयामे इंसानियत मोर्चा आज के इन शिविरों के द्वारा प्राप्त रक्त से नगर में डेंगू महामारी का प्रकोप है उससे कुछ हद तक लड़ा जा सकता है।

तीनों कैम्प में बड़ी संख्या में जागरूक रक्तदाताओं ने रक्तदान करके गोरखनाथ ब्लड बैंक के प्रति विश्वास एवम नागरिकों की आस्था दर्शाया है । और यह ब्लड आप सभी रक्तदाताओं के प्रति आश्वासन देता है कि जनमानस की अपेक्षाओं पर यह ब्लड बैंक खरा सिद्ध होगा ।

डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने सभी रक्तदाताओ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया है।

आज के रक्तदान शिविर में सैंथवर मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के संयोजक संजय सिंह तथा प्रभात सौरभ सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन हम सभी के लिए गौरवपूर्ण है हमारी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान करके हमारे द्वारा

कुछ हद तक रक्त की कमी को दूर करने का एक प्रयास है और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी है।

वहीं पंजाबी समाज के प्रमुख सुभाष बेरी ,दीपक कक्कर, नवीन भल्ला, अमित कोहली, निधि सूरी आदि ने कहा कि रक्तदान जीवन दान से बढ़कर कोई अन्य पुण्य का कार्य नही है । और उन्होंने कहा की रक्तदान करके उंहें बहुत खुशी हो रही है कि उनका खून किसी की जान बचाने में काम आएगा यह हमारे लिए गौरव की बात है।

श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा जटाशंकर गोरखपुर के अध्यक्ष यशपाल सिंह ने पयामे इंसानियत फोरम के व्यवस्थापक कलीमउल हक और उनकी टीम को धन्यवाद दिया है कि उनके प्रयास से यह रक्तदान शिविर का आयोजन सफल हो पाया है उन्होंने सभी रक्त दाताओं को धन्यवाद दिया है।

आज के तीनों रक्तदान शिविर में इमरान खान, सैयद नफीस, जावेद अहमद, अतुल्लाह, नफीस अहमद अंसारी, औशब लार, इफ्तखार हुसैन, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद अफजल सिद्दीकी, संदीप दीपांकर, डी पी मल्ल, पार्थ मल्ल, सुशील कुमार, सुमित सिंह, धर्मेंद्र, बृजेश, मानवेंद्र प्रताप सिंह, नितिन, विपुल नागेंद्र सहित लगभग 80 लोगों ने रक्तदान किया।

इन शिविरों को सफल बनाने में ब्लड बैंक के तकनीशियन गिरीश चंद्रेश्वर नेहा संदीप निधि गुजा डाक्टर यस के सिंह की भूमिका अहम रही।.